28/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप पर चिंता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने म्यांमार और थाईलैंड के नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है और विदेश मंत्रालय को म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के संपर्क में रहने को कहा। रिक्टर पैमाने पर 7.7 और 6.4 तीव्रता के दो लगातार भूकंपों ने आज म्यांमार में आये। थाईलैंड, कोलकाता और इंफाल में भी झटके महसूस किए गए। सोशल मीडिया पोस्ट में, भारतीय दूतावास ने थाईलैंड में भारतीय नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी।

00000000000000000

मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने कल अपने कार्यालय में राज्य में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (एनएमएनएफ) पर पहली राज्य स्तरीय मंजूरी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य सचिव ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बताया कि समिति ने एनएमएनएफ के तहत 944 लाख रुपये की वार्षिक कार्य योजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि एनएमएनएफ को भारत सरकार के चयन के अनुसार तवांग, लोअर सुबनसिरी और लोंगडिंग में लागू किया जाएगा, जिसमें 108 क्लस्टर प्रत्येक जिले में 36 क्लस्टर में 5,400 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया जाएगा।

00000000000000000

प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के कैडेट पुना साल्यांग ने भारतीय वायु सेना में फाइटर पायलट के रूप में स्थान प्राप्त करके राज्य का नाम रोशन किया है। इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर साल्यांग को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके असाधारण, कौशल और शारीरिक सहनशक्ति और अपनी योग्यता साबित करने के लिए सराहना की।

0000000000000000000000

राज्य में बिजनेस एनवायरोमेंट को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने राज्य के कारोबार करने में आसान सुधारों पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में ईओडीबी अधिनियम 2021 के पूर्ण कार्यान्वयन की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया और सभी विभागों को अपनी सेवाओं को डिजिटल बनाने और प्रक्रिया को औपचारिक बनाने के लिए ईओडीबी नियम तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने समय पर सेवा प्रदान करने और किसी भी चूक के लिए नागरिक सेवा वितरण अधिनियमों के तहत उचित कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें अनुपालन बोझ में कमी (आरसीबी) ढांचे का कार्यान्वयन, ईओडीबी पोर्टल पर सभी विभागीय सेवाओं को अनिवार्य रूप से शामिल करना, निवेश आकर्षित करने के लिए भूमि बैंक का निर्माण और एक व्यापक निवेश नीति का विकास शामिल है।

000000000000000000

शिक्षा मंत्री पीडी सोना ने आज राजीव गांधी विश्वविद्यालय में पोलिटीकल साईंस डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया। इस संगोष्ठी में 11 कॉलेजों और आरजीयू के विभिन्न विभागों के छात्र और संकाय

सदस्यों ने भाग लिया। श्री सोना ने सोशल मीडिया पर इस महत्वपूर्ण संवाद में योगदान के लिए आयोजकों और सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने आरजीयू को निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं।

0000000000000000000

भारत के पूर्वोत्तर में बाल स्वास्थ्य परिणामों को फिर से परिभाषित करने के लिए एक ऐतिहासिक पहल के तहत, राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ने राज्यव्यापी, स्कूल-आधारित नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम को लागू करने के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध वनसाइट एस्सिलोर लक्सोटिका फाउंडेशन और ब्रॉडआर्क्स फाउंडेशन के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जो जून महीने से शुरू होगा। इस पहल का उद्देश्य राज्य के 2,800 सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए व्यापक दृष्टि जांच करना, स्थानीय क्षमताओं का निर्माण करना और सुधारो को सुनिश्चित करना है।

000000000000000000

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायती राज) ने आज पापुम पारे जिले के सभी इलेक्ट्रोल रेजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) और एसिस्टेंट इलेक्ट्रोल रेजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) के साथ डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल, युपिया में बैठक की। बैठक में पंचायती राज मतदाता सूची के चल रहे सारांश संशोधन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बोलते हुए डीसी-कम-डीईओ (पीआर) जिकेन बोमजेन ने त्रुटि-रहित मतदाता सूची तैयार करने के महत्व पर जोर दिया और सभी ईआरओ और एईआरओ को किसी भी विसंगति को दूर करने के लिए गहन सत्यापन करने का निर्देश दिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के वेस्ट सियांग, सियांग, अपर सुबनसिरी, शी-योमी, अपर सियांग, लोअर दिबांग वैली और दिबांग वैली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान लगाया है।

0000000000000000

मणिपुर युनिवर्सिटी के नेशनल सेक्युरिटी स्टडीज़ डिपार्टमेंट के 18 छात्रों के एक समूह ने तवांग और सीमावर्ती क्षेत्रों की छह दिवसीय शैक्षिक यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की, जिससे उन्हें क्षेत्र के रणनीतिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में अमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। इस दौरे के माध्यम से छात्रों को भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों के भू-रणनीतिक महत्व, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास में भारतीय सेना की महत्वपूर्ण भूमिका और रणनीतिक दृष्टि से तवांग की सांस्कृतिक विरासत को समझा।